# उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा मंडल, लखनऊ

## सम्मिलित सहकारी बैंकिंग,नॉन बैंकिंग तथा तकनीकी सेवा परीक्षा (सामान्य चयन) – 2026

### <u>सूचना पुस्तिका</u>

इस पुस्तिका में ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

प्रबंधक (श्रेणी 1), कनिष्ठ प्रबंधक (श्रेणी 2), सहायक अभियंता (सिविल) (श्रेणी 2), सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) (श्रेणी 2), सहायक प्रबंधक (कंप्यूटर -श्रेणी 2), सहायक प्रबंधक (सामान्य - श्रेणी 2) के लिए परीक्षा का स्वरूप

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तार्किक क्षमता /तर्क क्षमता | 20 | 20 | **द्विभाषीय अर्थात** हिन्दी/अंग्रेजी सिवाय हिंदी और अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली छोडकर | 20 Minutes |
| 2 | संख्यात्मक क्षमता / मात्रात्मक योग्यता | 20 | 20 | | 20 Minutes |
| 3 | सामान्य जागरूकता | 15 | 15 | | 10 Minutes |
| 4 | सहकारिता | 15 | 15 | | 10 Minutes |
| 5 | भाषा (हिंदी और अंग्रेजी )<br>- हिंदी (5)<br>- अंग्रेजी (5) | 10 | 10 | | 10 Minutes |
| 6 | पद के अनुसार विषय का ज्ञान -<br>• **सिविल** अभियांत्रिकी<br>• **इलेक्ट्रिकल** अभियांत्रिकी<br>• कंप्यूटर साइंस / IT<br>• प्रबन्धकीय कौशल – बैंकिंग (30 प्र.) & कंप्यूटर ज्ञान (10 प्र.) | 40 | 120 | | 50 Minutes |
| | **कुल** | **120** | **200** | | **120 मिनट** |

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (श्रेणी 3), कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल) (श्रेणी 3), लेखाकार (श्रेणी 3), सहायक लेखाकार (श्रेणी 3), सहायक लेखाकार (श्रेणी 3) -UPSS, सहायक लेखाकार (श्रेणी 3) -PCU, लेखा लिपिक (श्रेणी 3) के लिए परीक्षा का स्वरूप

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तार्किक क्षमता /तर्क क्षमता | 20 | 20 | **द्विभाषीय अर्थात** हिन्दी/अंग्रेजी सिवाय हिंदी और अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली छोडकर | 20 Minutes |
| 2 | संख्यात्मक क्षमता / मात्रात्मक योग्यता | 20 | 20 | | 20 Minutes |
| 3 | सामान्य जागरूकता | 15 | 15 | | 10 Minutes |
| 4 | सहकारिता | 15 | 15 | | 10 Minutes |
| 5 | भाषा (हिंदी और अंग्रेजी )<br>- हिंदी (5)<br>- अंग्रेजी (5) | 10 | 10 | | 10 Minutes |
| 6 | पद के अनुसार विषय का ज्ञान -<br>• **सिविल** अभियांत्रिकी<br>• **इलेक्ट्रिकल** अभियांत्रिकी<br>• वाणिज्य और लेखांकन (Commerce & Accountancy) | 40 | 120 | | 50 Minutes |
| | **कुल** | **120** | **200** | | **120 मिनट** |

सहायक प्रबंधक (सामान्य - श्रेणी 3), सहायक/कैशियर (बैंकिंग सहायक)/लिपिक वर्गीय स्टाफ (श्रेणी 3), सहायक/कैशियर (श्रेणी 3), आशुलिपिक (श्रेणी 3) -UPRNSS, आशुलिपिक (श्रेणी 3) -PCU, सहायक/आशुलिपिक (श्रेणी 3) -DCB, सहायक/आशुलिपिक (श्रेणी 3)-UPCB, कनिष्ठ सहायक (श्रेणी 3), कनिष्ठ सहायक (श्रेणी 3) -PCU, सहायक/ टंकक (श्रेणी 3) -DCB, सहायक/ टंकक (श्रेणी 3) -UPCB, लिपिक/ टंकक (श्रेणी 3) के लिए परीक्षा का स्वरूप

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>प्रश्नावली का नाम</th><th>प्रश्नों की संख्या</th><th>अधिकतम अंक</th><th>माध्यम</th><th>अवधि</th></tr>
<tr><td>1</td><td>तार्किक क्षमता /तर्क क्षमता</td><td>20</td><td>40</td><td rowspan="6">द्विभाषीय अर्थात हिन्दी/अंग्रेजी सिवाय हिंदी और अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली छोडकर</td><td>25 Minutes</td></tr>
<tr><td>2</td><td>संख्यात्मक क्षमता / मात्रात्मक योग्यता</td><td>20</td><td>40</td><td>25 Minutes</td></tr>
<tr><td>3</td><td>कंप्यूटर ज्ञान</td><td>20</td><td>40</td><td>15 Minutes</td></tr>
<tr><td>4</td><td>भाषा (हिंदी और अंग्रेजी )<br>- हिंदी (10)<br>- अंग्रेजी (10)</td><td>20</td><td>40</td><td>20 Minutes</td></tr>
<tr><td>5</td><td>सामान्य जागरूकता</td><td>20</td><td>20</td><td>15 Minutes</td></tr>
<tr><td>6</td><td>सहकारिता</td><td>20</td><td>20</td><td>20 Minutes</td></tr>
<tr><td></td><td>कुल</td><td>120</td><td>200</td><td></td><td>120 मिनट</td></tr>
</table>

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है; तथापि लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा और हिन्दी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । प्रश्नावलियों का अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी किसी विशिष्ट प्रश्नावली के प्रश्नों को केवल उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय के दौरान हल कर सकते हैं। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के चार उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जायेंगे।**
ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है *

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग प्रश्नावली के अंकों पर

(ii) कुल अंकों पर

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## नमूना प्रश्न

## तार्किक क्षमता /तर्क क्षमता

**प्र.1.** परान्दा शहर ग्रीन लेक में है । अकरम शहर परान्दा के पश्चिम में है । तोखाडा, अकरम के पूर्व में किंतु परान्दा के पश्चिम में है । काकरन, बोपरी के पूर्व में किंतु तोखाड़ा और अकरम के पश्चिम में है । ये सभी एक ही जिले में हैं तो कौनसा शहर पश्चिम में सबसे दूर है?

(1) परान्दा (2) काकरन (3) अकरम (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वी हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वी हो जाती है । पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?

(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) M (3) X (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## संख्यात्मक अभियोग्यता और डाटा विश्लेषण

**प्र.1.** 10 रुपये प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने रुपये होगी ?

(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610

**प्र.2.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सही गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286

**प्र.3-6.** निर्देश : निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक संख्या नहीं दी गयी । उस संख्या के स्थान पर प्रश्नचिन्ह (?) लगा दिया गया है । आपको यह बताना है कि प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उत्तर संख्या 1, 2, और 4 में से कौन सी आएगी । यदि इन चारों में से कोई भी ठीक न हो तो आपका उत्तर होगा (4) अर्थात् 'दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य' ।

**प्र.3.** 42 + 73 + 137 = ?

(1) 352 (2) 252 (3) 242 (4) 142

**प्र.4.** $20 \times \frac{1}{2} = ?$

(1) 4 (2) 5 (3) 12 (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** 0.7 × 0.5 = ?

(1) 35 (2) 0.35 (3) 0.0035 (4) 0.035

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.6-7. निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी । सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| % विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशेषता | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.6.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) दिए गए विकल्पों को छोडकर अन्य

**प्र.7.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?
(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) दिए गए विकल्पों को छोडकर अन्य

## सामान्य जागरूकता

**प्र.1.** हरियाणा राज्य का सबसे बड़ा शहर कौन सा है ?
(1) फरीदाबाद (2) रोहतक (3) पानीपत (4) हिसार

**प्र.2.** निम्न में से हरियाणा के किस शहर को महाभारत में युद्धक्षेत्र कहा गया है ?
(1) पानीपत (2) कुरुक्षेत्र (3) रोहतक (4) चंडीगढ़

**प्र.3.** मूर्त निवल सम्पत्ति क्या होती है ?
(1) शेयर पूंजी + आरक्षित निधि (2) कुल चालू आस्तियां
(3) अचल अस्तियां - मूल्यहास (4) निवल सम्पत्ति - मूर्त अस्तिंया

**प्र.4.** आस्थगित राजस्व व्यय की संकल्पना, निम्नलिखित में से किस लेखा संकल्पना से करीब से संबद्ध है ?
(1) उपचय (2) लाभकारी कारबारवाला संस्थान (3) मैचिंग कान्सेप्ट (4) कन्जरवेशन

**प्र.5.** बैंक समस्यामूलक , ऋणों को सदाबहार कैसे बनाते है ?
(1) चूककर्ता उधारकर्ताओं को ब्याज भुगतान हेतु नए ऋण दे कर (2) बकाया ऋणों को सावधि ऋणों में बदलना
(3) बकाया ऋण को बट्टे खाते डालना (4) केवल (1) व (2)

## अंग्रेजी भाषा

**Q.1-3. Directions:** Pick out the most appropriate word from amongst the words given below each sentence to complete it meaningfully.

**Q.1.** He quickly glanced ............................ the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to

**Q.2.** The counsel urged the court to .......................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike

**Q.3.** The local official .......................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told

**Q.4-6. Directions:** Read each sentence to find out whether there is any grammatical error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part of the sentence is your answer. If there is no error, the answer is No error.

**Q.4.** I am twenty two years old (1) / when I first (2) / joined the bank. (3) No error (4)

**Q.5.** To the Hindus (1) / the Ganga is holier than (2) / any other river. (3) No error (4)

**Q.6.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher were very strict. (3) No error (4)

## हिंदी भाषा

इस प्रश्नावली में हिंदी भाषा में प्रवीणता, शब्दभंडार, वाक्यरचना, शब्दप्रयोग, समानार्थक, विपरीतार्थी शब्द, अनेकार्थी शब्द, वर्तनी त्रुटि, लोकोक्तियां, मुहावरें आदि से सबंधी प्रश्न होंगे ।

**प्र.1-3.** नीचे दिये गये प्रश्नों मे से हरेक में एक वाक्य दिया गया है जिसे (1), (2), (3) और (4) भागों में बांटा गया है । वाक्य को पढ कर ज्ञात कीजिये कि वाक्य में शब्दों के गलत प्रयोग, वर्तनी या व्याकरण की कोई त्रुटि तो नहीं है । त्रुटि अगर होगी तो वाक्य के किसी एक ही भाग मे होगी । इस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है । अगर वाक्य त्रुटिहीन है तो उत्तर (4) दीजिये अर्थात त्रुटि नहीं ।

**प्र.1.** चालीस लडकों का एक मिला जुला ठहाका उठा था और / कक्षा की छत पे टकरा कर /
(1) (2)
सब का सब एकदम मेरे भीतर उतर गया था । त्रुटि नहीं
(3) (4)

**प्र.2.** सेठ पुरूषोत्तम दास पूना की सरस्वती पाठशाला का मुआयना करने /
(1)
के बाद में बाहर निकले तो एक लड़की ने / दौड कर उनका दामन पकड़ लिया । त्रुटि नहीं
(2) (3) (4)

**प्र.3.** वह झपट कर कुरसी से उठी और बड़े वेग से / कई कमरो और बरामदो को पार करती /
(1) (2)
मैनेजर के सामने को आकर खड़ी हो गई । त्रुटि नहीं
(3) (4)

**प्र.4-5.** नीचे दिए गए प्रश्नों में से एक शब्द समूह या वाक्यांश दिया गया है और फिर उसके बाद पाँच ऐसे शब्द सुझाए गए है जो कि इस पूरे वाक्यांश या शब्द समूह का अर्थ एक शब्द में स्पष्ट कर देते है । आपको वह शब्द ज्ञात कर उसको उत्तर के क्रम मे दर्शाना है ।

**प्र.4.** जिसका कभी नाश न हो
(1) अपनाश (2) निरामिष (3) अटल (4) अविनाशी

**प्र.5.** कम बोलने वाला
(1) मिठबोला (2) समदर्शी (3) मृदुभाषी (4) मितभाषी

## कंप्यूटर ज्ञान

**प्र.1.** असंगत का चयन कीजिए ।
(1) मॉनिटर (2) कुंजी पटल (3) विन्डोज (4) हार्डडिस्क ड्राइव

**प्र.2.** LAN का पूर्ण रुप ———
(1) लोकल (Local) आक्सेस (Access) नेटवर्क (Network)
(2) लोकल (Local) एरीया (Area) नेटवर्क (Network)
(3) लोंग (Long) एरीया (Area) नोड (Node)
(4) लोकल (Local) एरीया (Area) नोड (Node)

**प्र.3.** ——— कंप्यूटर का एक आउटपुट डिवायस है ।
(1) प्रिन्टर (2) CPU (3) मॉनिटर (4) की बोर्ड

**प्र.4.** RAM का पूरा रुप क्या है ?
(1) Random Adaptive Mouse (2) Random Adaptive Memory
(3) Random Access Memory (4) Random Access Mouse

## सहकारिता

**प्र.1.** राज्य सरकार और RBI/NABARD द्वारा सहकारी ऋण संस्थाओं पर दोहरा नियंत्रण रखने के लिए, इसे समाप्त कर दिया जाना चाहिए और ______ के नियंत्रण में लाया जाना चाहिए।
(1) आयकर अधिनियम (2) सहकारी अधिनियम (3) बैंककारी विनियमन अधिनियम (4) NABARD अधिनियम.

**प्र.2.** उत्पादन विपणन और प्रसंस्करण तथा डेयरी सहकारी संस्थाओं (cooperatives) जैसी सहकारी समितियां जो ग्राम विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, _____ कहलाती हैं।
(1) नई सहकारी संस्थाएं (2) गैर-ऋण सहकारी संस्थाएं
(3) बुनकर सहकारी समितियां (4) श्रमजीवी सहकारी संस्थाएं

**प्र.3.** CS अधिनियम के अनुसार, सोसाइटियों को अपनी अचल संपत्तियों, परिसरों या उसके किसी हिस्से का किसी _____ गतिविधि के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए या इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।
(1) राजनीतिक (2) सामाजिक (3) अवैध (4) लाभकारी (Profit making)

**प्र.4.** सहकारी सोसाइटी अधिनियम के अनुसार, ______ से ऐसी पंजीकृत सोसाइटी अभिप्रेत है जिसका परिचालन क्षेत्र पूरे राज्य में विस्तारित है।
(1) एपेक्स सोसाइटी (2) सहकारी सोसाइटी (3) अर्बन सोसाइटी (4) PACS

बैंकिंग

**प्र.1.** RBI के IRAC मानदंडों के अनुसार, दीर्घावधि फसलों को प्रदान किए गए ऋण को NPA के रूप में माना जाएगा, यदि मूलधन या उसपर ब्याज की किस्त ____ फसल मौसम के लिए बकाया रहती है।
(1) 1 (2) 2 (3) 3 (4) 4

**प्र.2.** देनदार के स्वामित्व वाली प्रतिभूतियों को उसके कब्जे में प्रतिधारित करने का लेनदार का अधिकार को, जब तक ऋण को उन्मोचित न कर दिया जाए, ______ के अधिकार के रूप में कहा जाता है।
(1) चूक (2) प्रतितुलन (3) विनियोजन (4) धारणाधिकार

**प्र.3.** MSMED अधिनियम, 2006 के तहत, एक उद्यम को मध्यम उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, जहां संयंत्र और मशीनरी या उपस्कर में निवेश रु.___ करोड़ से अधिक नहीं है और टर्नओवर रु.___ करोड़ से अधिक नहीं है।
(1) 2.50; 10 (2) 25; 100 (3) 125; 500 (4) 150; 600

**प्र.4.** निम्न में से किसको आहर्ता के अतिरिक्त किसी व्यक्ति द्वारा, "जारी किए गए चेक पर तात्विक परिवर्तन" के रूप में नहीं माना जाता है ?
(1) चेक में 'ऑर्डर' के स्थान पर 'वाहक' शब्द का प्रतिस्थापन
(2) चेक पर क्रॉसिंग का परिवर्तन
(3) खुले चेक को धारक द्वारा क्रॉस किया जाना
(4) चेक की राशि का परिवर्तन

**व्यावसायिक ज्ञान**

**संबंधित विषय के प्रश्न, विज्ञापन में दिए गए पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे।**

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण :**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।


(2) अंग्रेजी भाषा और हिन्दी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे। प्रश्न के चार उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **अभ्यर्थी के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक$' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब अभ्यर्थी ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो।**

(4) अगर कोई अभ्यर्थी किसी प्रश्न के बारे में कोई समस्या बताना चाहता है, तो परीक्षा के दौरान स्क्रीन पर “Report Question” का एक अतिरिक्त विकल्प (बटन) उपलब्ध होगा।

(5) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(6) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :




पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(7) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **‘Save & Next’>** पर क्लिक कीजिए ।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **‘Mark for Review & Next’** पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(10) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next>** पर क्लिक करना चाहिए ।

(11) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए ।

(12) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next>** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(13) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(14) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद** 'सेव' **या** 'रिव्यू' **के लिए** 'मार्क' **किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे ।**

(15) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि “टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर” के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई अभ्यर्थी निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा बोर्ड (UPSCIB) द्वारा निर्णीत अवधि के लिए पारीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(16) प्रश्नावलियों का अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी किसी विशिष्ट प्रश्नावली के प्रश्नों को केवल उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय के दौरान हल कर सकते हैं।

(17) अभ्यर्थी केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(18) 120 मिनट की समाप्ति के बाद, अभ्यर्थी ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। अभ्यर्थी ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे।

**(19) कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई अभ्यर्थी की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया प्रवेश पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें। देरी से आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति नही दी जायेगी।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा बोर्ड (UPSCIB) प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) प्रवेश पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग समय से पहले ही अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में रिपोर्ट करें ताकि परीक्षा आरंभ होने से पहले ही अभ्यर्थी सारी आवश्यक गतिविधियो जैसे अभ्यर्थी-आधार लिंक्ड बायोमेट्रिक प्रमाणिकरण, बायोमेट्रिक कैप्चर और फोटो, दस्तावेजों का संग्रह, अनुदेशों की घोषणा और लॉगइन आदि को पूरा कर सके । **अभ्यर्थी को बायोमेट्रिक प्रमाणिकरण के लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।**

**(7) a. <u>बैंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडबल्यूबीडी) के लिए नोट :</u>**

- परीक्षा के दिन**,** बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों को अपना **UDID/**दिव्यांगता प्रमाण-पत्र साथ लाना होगा।
- जो बैंचमार्क दिव्यांग अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा लेना चाहते हैं**,** उन्हें परीक्षा के दिन प्रवेश पत्र के साथ दिया गया स्क्राइब घोषणा पत्र और स्क्राइब के फोटो पहचान पत्र की कॉपी जमा करना होगा।

**(7) b. <u>विनिर्दिष्ट दिव्यांगजन RPwD अधिनियम, 2016 की धारा 2(s) की परिभाषा के तहत शामिल हैं, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(r) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं, अर्थात 40% से कम दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी जिन्हें लिखने में कठिनाई वाले व्यक्तियों के लिए नोट:</u>**

- परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस **(20)** मिनट के प्रतिपूरक समय की अनुमति उन उम्मीदवारों को दी जा सकती है**,** जो **RPwD** अधिनियम**, 2016** की धारा **2 (s)** की परिभाषा के तहत विनिर्दिष्ट दिव्यांग हैं**,** लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(**r**) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं**,** अर्थात ऐसे व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता **40%** से कम हो और जिन्हें लिखने में कठिनाई हो और जो लेखन सहायक (स्क्राइब) की सुविधा पाने के पात्र हों।

- परीक्षा के दिन, इन उम्मीदवारों को ' **परिशिष्ट-I**' के प्रोफार्मा के अनुसार लिखने में शारीरिक सीमाओं से संबंधित मेडिकल सर्टिफिकेट और प्रवेश पत्र के साथ दिया गया स्क्राइब घोषणा पत्र, स्क्राइब के फोटो पहचान पत्र की कॉपी के साथ जमा करना होगा।

(8) परीक्षा स्थल पर फोटोग्राफ तथा IRIS कैप्चर किए जाएंगे । कैप्चर किए गए फोटो का मिलान अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में अपलोड फोटो से किया जाएगा । आपको अपनी शक्ल आपके द्वारा अपलोड फोटो से बिलकुल नहीं बदलनी चाहिए।

**IRIS डाटा सत्यापन की स्थिति (मिलान होता है या नहीं) के लिए इससे संबन्धित अधिकारी का निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा। किसी भी अवसर पर IRIS स्कैनिंग /सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से मना करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। इस संबंध में कृपया निम्नलिखित को नोट करें:**

**(a)सभी अभ्यर्थियों की 'बाईं आँख (IRIS)' कैप्चर की जाएगी।**

**(b)IRIS की कैप्चरिंग के समय अभ्यर्थी को कांटैक्ट लेंस तथा चश्मा हटाना होगा । अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे कांटैक्ट लेंस पहनने से बचें तथा वरीयतः चश्मा पहनें ।**

**(c)IRIS स्कैनिंग स्पर्शरहित है। स्कैनर तथा आँख के बीच आधे फीट की दूरी रखी जाएगी।**

**(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)**

(9) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) परीक्षा स्थल पर परीक्षा से पहले लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इन्कार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धूलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(10) फ्रिस्कींग (मेटल डिटेक्टरों का इस्तेमाल किया जाएगा) के दौरान समय बचाने के लिए उम्मीदवारों को निम्न ड्रेस कोड की सलाह दी जाती है:

- हल्के कपड़े, जिनका इस्तेमाल किसी भी यंत्र या संचार उपकरण को छिपाने के लिए नहीं किया जा सके
- आधी बांह वाले कपड़े लेकिन इनमें ऐसे बड़े बटन या ऐसा कोई भी बैज, ब्रोच आदि न लगा हो, जिनका इस्तेमाल संचार उपकरण, ब्लूटूथ, कैमरा आदि को छिपाने के लिए किया जा सके
- स्लिपर्स, सैंडल पहनें और जूते/मोजे न पहनें
- ज़िपरआदि जैसी धातु की वस्तु रहित हल्के वस्त्र पहनें बटन ,

हालांकि, प्रथागत/धार्मिक परिधान पहनकर आने वाले और पी.डब्लू.बी.डी. उम्मीदवारों को उचित तलाशी के लिए रिपोर्टिंग समय से पूर्व केंद्र पर रिपोर्ट करना चाहिए।

(11) आपके अपने फोटोग्राफ को इस बुलावे-पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - **यह अनिवार्य है** । **कृपया यह प्रवेश-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक के पास जमा करें।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/ फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया

आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला अभ्यर्थी जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । प्रवेश पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । **उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे मूल राजपत्रित अधिसूचना / अपना मूल विवाह प्रमाणपत्र / मूल शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमति दी जाएगी।**

(12) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परिक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा । यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या अभ्यर्थी के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए अभ्यर्थी के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे अभ्यर्थी के खिलाफ उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा बोर्ड (UPSCIB) उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(13) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन और एक व्यक्तिगत स्याही स्टैम्प पैड (ब्लू / ब्लैक) लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको निर्देशित तय स्थान पर कागज का यह पन्ना, प्रवेश पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए ।

(14) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है। अभ्यर्थी पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(15) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(16) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(17) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, अभ्यर्थी द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा बोर्ड (UPSCIB) की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(18) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024" तथा "The Uttar Pradesh Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024 (U.P. Act No. 8 of 2024), notified on 06 August 2024" पर ध्यान दें ।

**आपको शुभकामनाएं**